# हनुमान नाका से हरीफाटक मार्ग का चौड़ीकरण कार्य तेज

## सिंहस्थ-2028 के मद्देनजर निगम की सख्ती, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मित्रा का सड़कों पर फोकस

**उज्जैन।** सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत शहर में यातायात व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम द्वारा विभिन्न विकास एवं अतिक्रमण हटाने की कार्रवाइयों को तेज गति से अंजाम दिया जा रहा है।

इसी क्रम में बुधवार को एक ओर हनुमान नाका चौराहे से हरीफाटक तक प्रस्तावित मार्ग चौड़ीकरण के लिए प्रभावित एवं बाधक मकानों को हटाने की कार्रवाई की गई, वहीं दूसरी ओर रामघाट क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया।





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के मद्देनजर नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर हनुमान नाका से हरीफाटक तक पोकलेन और जेसीबी मशीनों की सहायता से चिन्हित प्रभावित मकानों को हटाने की कार्रवाई की गई। निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इस दौरान क्षेत्र के नागरिकों ने भी सकारात्मक सहयोग देते हुए स्वयं अपने चिन्हित हिस्सों को हटाने में सहभागिता दिखाई। नगर निगम और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए रामघाट क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान घाट क्षेत्र से 8 लाउडस्पीकर, 5 गुमटियां, एक काउंटर तथा 5 हाथ ठेले सहित अन्य अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि शहर के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों की सुंदरता और गरिमा को प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा तथा भविष्य में भी अवैध अतिक्रमण पाए जाने पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### कार्रवाई के दौरान यह रहे मौजूद

हनुमान नाका-हरीफाटक मार्ग चौड़ीकरण की कार्रवाई भवन अधिकारी लक्ष्मण प्रसाद साहू, भवन निरीक्षक गायत्री प्रसाद डेहरिया, योगिता तंवर, नगर निगम रिमूवल गैंग एवं पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में संपन्न हुई। वहीं रामघाट अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान अतिक्रमण गैंग प्रभारी मोनू थनवार, नगर निगम अमला एवं पुलिस बल मौजूद रहा। विदित हो कि यह मार्ग सीधे इंदौर रोड सहित चिंतामण मार्ग की ओर जाएगा।

# विक्रम विश्वविद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ी, अब 20 जुलाई

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार अब विद्यार्थी 20 जुलाई 2026 तक एडमिशन ले सकेंगे। प्रवेश से वंचित रह गए विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय का यह निर्णय बड़ी राहत है।

कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा द्वारा जारी आदेश के मुताबिक स्नातक, स्नातकोत्तर, प्रमाण पत्र, डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा के प्रथम वर्ष या सेमेस्टर में सीयूईटी एवं सीधे प्रवेश की तिथि बढ़ाई गई है। इसके साथ ही फार्मेसी संस्थान में एम.फार्मा, बी.फार्मा लेटरल एंट्री और डी.फार्मा की रिक्त सीटों पर भी अब 20 जुलाई तक प्रवेश दिया जाएगा।

सहायक कुलसचिव अकादमिक चेनराम पंवार के अनुसार पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन और शुल्क जमा



करने की प्रक्रिया एमपी ऑनलाइन के माध्यम से पूरी की जा सकेगी।

### विद्यार्थियों को यहां से मिलेगी विस्तृत जानकारी

प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी विस्तृत जानकारी के लिए देवास रोड स्थित विश्राम भवन के सामने संबंधित अध्ययनशाला, संस्थान या विभाग में संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा विश्व विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट विक्रमयूनिव डॉट एसी डॉट इन पर भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## एक नजर में



### काली पट्टी बांधकर प्राध्यापकों ने कार्य किया

**उज्जैन।** प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ के प्रांताध्यक्ष प्रो. आनंद शर्मा एवं संरक्षक प्रो. कैलाश त्यागी के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देशानुसार उच्च शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों, ग्रंथपालों एवं क्रीड़ा अधिकारियों की दीर्घ अवधि से लंबित मांगों के निराकरण न होने के कारण आज से सम्पूर्ण प्रदेश में महाविद्यालयीन प्राध्यापकों ने कर्त्तव्य स्थल पर काली पट्टी बांधकर आक्रोश जाहिर कर कार्य किया। संभागीय अध्यक्ष डॉ. मोहन निमोले ने बताया की 6 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन की शुरुआत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय, कि प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह को ज्ञापन देकर किया। उक्त ज्ञापन प्रांतीय सचिव डॉ. केशवमणि शर्मा, संभागीय अध्यक्ष डॉ. मोहन निमोले, जिला उपाध्यक्ष डॉ. जीएल खागोड़े, जिला सचिव डॉ. महेन्द्र कुमार शर्मा, सहसचिव डॉ. अंशु भारद्वाज, महाविद्यालय के शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरज सारवान, उपाध्यक्ष डॉ. सुनील सूर्यवंशी, सचिव डॉ. राजश्री सेठ, सहित प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार मालवीय उच्च शिक्षा प्रकोष्ठ अजाक्स ने समर्थन प्रदान कर प्राचार्य को ज्ञापन दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अल्पना उपाध्याय, डॉ. संजू शर्मा, डॉ. एलएस गोराश्या, डॉ. दिनेश जोशी, प्रो. रायसिंह सोलंकी, डॉ. चन्द्रदीप यादव, डॉ. नलिनी तिलकर, प्रो. मोहन मुजाल्दा आदि उपस्थित रहे।



### डॉक्टर्स डे पर डॉ. राजेंद्र नागर का हुआ सम्मान

**उज्जैन।** राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के स्थापना दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजेंद्र नागर को उनके चिकित्सा क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. राजेंद्र नागर ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बैंक की ग्राहक हितैषी कार्यप्रणाली, बैंकिंग सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि एसबीआई ग्राहकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का निरंतर प्रयास कर रहा है। कार्यक्रम में बैंक के अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर अर्जुन सिंह ने डॉ. चंद्र मोहन पुराणिक एवं डॉ. अनिल दुबे का सम्मान किया। जहां चिकित्सकों के योगदान को सम्मानित करते हुए राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे मनाया गया।



### गऊघाट फिल्टर प्लांट का निरीक्षण

**उज्जैन।** बुधवार को महापौर मुकेश टटवाल ने जल कार्य समिति प्रभारी प्रकाश शर्मा एवं अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह के साथ गऊघाट फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महापौर द्वारा फिल्टर प्लांट पर कार्यरत कर्मचारी को निर्देशित किया कि शहर में नियमित जलप्रदाय हो इसके लिए प्लांट सुचारू रूप से कार्यरत रहे। उज्जैन शहर की जनता को नियमित रूप से जल प्रदाय किया जा रहा है। जल प्रदाय व्यवस्था बाधित ना हो इसका ध्यान रखा जाए।

# शिक्षकों ने दिया लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश

**उज्जैन।** शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय में 1 जुलाई से नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह का शुभारंभ हुआ। शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर विद्यार्थियों का चंदन लगाकर स्वागत किया तथा उन्हें महाविद्यालय की उपलब्धियों से अवगत कराया। समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. हरीश व्यास ने कहा कि विद्यार्थी ही महाविद्यालय के प्राण हैं और उनका उत्कर्ष ही संस्था का उत्कर्ष है। डॉ. आरके तिवारी ने अनुशासित जीवन जीने का संदेश दिया। डॉ. शशि जोशी ने कहा कि मातृ संस्था के प्रति निष्ठा, शिक्षकों का आदर और लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्प ही विद्यार्थी जीवन का मूलमंत्र है।

### आगामी दिनों में होंगे ये आयोजन

समारोह के आगामी दिनों में नए विद्यार्थियों को महाविद्यालय का परिचय देने के साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति, एनसीसी, एनएसएस, परीक्षा प्रणाली, विषय चयन, पर्यावरण संरक्षण, मतदाता जागरूकता, छात्रवृत्ति की जानकारी और नवाचार जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएंगी। अंतिम दिन विद्यार्थियों को पूरे महाविद्यालय का भ्रमण कराया जाएगा और नवप्रवेशित विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण भी किया जाएगा। सरस्वती वंदना कीर्ति सोनटक्के ने प्रस्तुत की।

# उप्र के बदमाश ने चुराया था सवा लाख का मोबाइल

**उज्जैन। मालवा एक्सप्रेस ट्रेन में चार्जिंग पर लगा 1.30 लाख कीमत का मोबाइल चोरी करने वाला बदमाश उत्तरप्रदेश का होना सामने आया है। जीआरपी ने उसे तकनीकी साक्ष्य के आधार पर हिरासत में लिया तो उसके पास से चोरी के चार अन्य मोबाइल भी बरामद हो गये।**

जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि 28 जून को मालवा एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे पृथ्वी सोनार निवासी नंदुरबार (महाराष्ट्र) ने ट्रेन के उज्जैन पहुंचने पर शिकायत दर्ज कराई कि ट्रेन के एसी कोच में यात्रा कर रहा था। उसने अपना मोबाइल चार्जिंग पर लगाया था। विक्रमनगर स्टेशन के आसपास सैमसंग गैलेक्सी एस-25 अल्ट्रा मोबाइल फोन जिसकी कीमत लगभग 1.30 लाख रुपये है अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। शिकायत पर मामले में जांच शुरू की गई और तकनीकी साक्ष्य के आधार पर लोकेशन ट्रेस करने का काम शुरू किया गया। वहीं देवास, इंदौर और उज्जैन स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये। तकनीकी मदद से मोबाइल चोरी करने वाले धर्मेंद्र पिता श्याम बिहारी 19 साल निवासी सुभाष नगर ग्राम गोहाण्ड थाना जरिया जिला हमीरपुर उत्तरप्रदेश को एक दिन की तलाश के बाद हिरासत में ले लिया गया। जिसके पास से पृथ्वी सोनार का मोबाइल बरामद किया गया। वहीं चार अन्य मोबाइल भी जब्त किये गये, जो चोरी के होना सामने आये हैं। चारों मोबाइल के मालिकों का पता लगाया जा रहा है। उत्तरप्रदेश का बदमाश अंतर्राज्यीय स्तर ट्रेनों में वारदात करता था। जिसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

# बाइक के सामने आया कुत्ता जीजा की मौत, साला घायल

## बड़नगर मार्ग के सोयाबीन प्लांट के सामने हादसा

**उज्जैन।** बड़नगर मार्ग पर जीजा-साले की बाइक के सामने स्ट्रीट डॉग (कुत्ता) आ गया। जिसके चलते सड़क हादसा हो गया। दोनों को गंभीर घायल हालत में अस्पताल आ गया जहां जीजा की मौत होना सामने आया। साले का उपचार जारी है। चिंतामण गणेश थाना पुलिस ने बताया कि उज्जैन बड़नगर मार्ग पर दोपहर में दुर्घटना होने की खबर मिली थी। पुलिस घटनास्थल चंदूखेड़ी सोयाबीन प्लांट के सामने पहुंची तो पता चला कि बाइक सवार 2 लोगों को अस्पताल भेजा गया है। अस्पताल पहुंचने पर सामने आया कि एक की मौत चुकी है। दूसरा गंभीर घायल है, जिससे जानकारी लेने पर उसका नाम जीवन पिता गंगाराम 35 साल निवासी ग्राम नलवा बताया गया। वहीं मृतक बनेसिंह पिता गणपत चौधरी 45 साल निवासी देवगढ़ बड़नगर पता चला। परिजन खबर मिलने पर चरक अस्पताल पहुंच गये थे। उन्होने बताया कि जीवन साला और बनेसिंह जीजा है। दोनों बाइक से उज्जैन आये थे और वापस नलवा आ रहे थे। पुलिस के अनुसार घटनास्थल की जांच शुरू की गई। इस दौरान कुछ लोगों द्वारा बताया गया कि बाइक के सामने कुत्ता आ जाने से संतुलन बिगड़ने पर हादसा हुआ था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर मृतक बनेसिंह का पोस्टमार्टम कराया है।

# चेकिंग : सियार का शिकार कर पिता पुत्र खाते थे मांस

- चेकिंग में पकड़े युवक से खुला राज, पिता की तलाश

**उज्जैन। सियार का शिकार कर मांस खाने का मामला सामने आया है। चेकिंग में पकड़े युवक के मोबाइल की जांच से सामने आए मामले के बाद वन विभाग की टीम ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उसके पिता की तलाश की जा रही है।**



जीवाजीगंज थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान संदिग्ध युवक मिथुन पिता राजू 21 वर्ष निवासी तिलकेश्वर कालोनी को पकड़ा था उससे पूछता शुरू की गई और उसके मोबाइल की जांच की गई। मोबाइल में सियार का शिकार करते हुए वीडियो सामने आए। इसके संबंध में जानकारी जुटा गई तो मामले में बड़ा खुलासा हो गया। मिथुन ने बताया कि वह सियार का शिकार कर मांस खाते हैं। शिकार में उसके पिता भी शामिल हैं। मामला वन विभाग से जुडा होने पर मामले की जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दी गई। जीवाजीगंज थाने पहुंची वन विभाग की टीम ने युवक को हिरासत में लिया और वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 39, 50, 51 में प्रकरण दर्ज कर उसे




न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेजा गया है फरार पिता की तलाश की जा रही है।

### तीन सियार का कर चुके थे शिकार

आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि उसके मोबाइल में मिला वीडियो 23 मई का है। जो वह ग्राम चंदावल थाना चिंतामन के जंगल में जमीन की खोह से सियार को टांग पकड़ कर खिंचता हुआ और जमीन पर पटक कर मारता दिखाई दे रहा है। आरोपी ने बताया कि अब तक तीन सियार का शिकार कर चुके हैं। जानकारी यह भी सामने आ रही थी कि सियार मांस खाने के साथ तंत्र क्रिया में भी सियार का उपयोग किया जा रहा था। फिलहाल वन विभाग की टीम इस बात की पुष्टि कर रही है।

# संवाद से खिलते हैं संस्कार, बच्चों और अभिभावकों ने सीखे गुर

**उज्जैन।** श्री राजेंद्र जैन ज्ञान मंदिर नमकमंडी में दादा गुरुदेव श्रीमदविजय राजेन्द्र सूरीश्वर जी के जन्म द्विशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में युगपुरुष का युगोत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में त्रिस्तुतिक श्रीसंघ और परिषद परिवार नमकमंडी द्वारा मोतीमहल धर्मशाला में एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया। अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन बहु परिषद के संयोजन में हुए इस सेमिनार का विषय संवाद से संस्कार एवं संवाद से ही घर-परिवार था, जिसमें भोपाल से आई मुख्य वक्ता ने जनरेशन गैप और वर्तमान परिस्थितियों में खुशहाल परिवार के तरीके बताए।



### बच्चों को सिखाया खुद से प्यार करना

कार्यशाला मुख्य रूप से दो सत्रों में हुई। प्रथम सत्र में 200 बच्चों ने हिस्सा लिया। उन्हें बच्चों के चुप रहने के कारण, मोबाइल बनाम पारिवारिक संवाद, डांट की जगह संवाद का महत्व और किशोरावस्था की भावनाओं जैसे विषयों पर जानकारी दी गई। साथ ही करियर चयन, खुद से प्यार करने, अपनी बात सही तरीके से दूसरों तक पहुंचाने और सही मित्रों का चुनाव करने के गुर सिखाए गए।

कार्यक्रम में भोपाल की काउंसलर, हिप्नोथेरेपिस्ट, पैरेंटिंग कोच और जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड में कार्यरत हर्षना वोहरा ने बातों से बने रिश्ते, संवाद से खिले संस्कार की भावना को बढ़ावा देने पर जोर दिया। सेमिनार का शुभारंभ श्रीसंघ के संरक्षक व पूर्व विधायक पारस जैन, अध्यक्ष मदनलाल रूनवाल, सचिव संजय कोठारी, एमआईसी सदस्य रजत मेहता, महिला परिषद की वरिष्ठ सदस्य गुणमाला नाहर और बहु परिषद अध्यक्ष प्रमिला तल्लेरा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मंगलाचरण प्रिया कंकरेचा और नीलू गिरिया ने प्रस्तुत किया।

# ऑटो-ई-रिक्शा का संचालन दो शिफ्टों में होगा संचालन

**उज्जैन।** सिंहस्थ-2028 की तैयारियों में यातायात पुलिस ने आवागमन को बेहतर बनाने की नई पहल शुरू की है। अब शहर में ऑटो-ई रिक्शा का संचालन 2 शिफ्ट में होगा। चालको को यूनिक आईडी प्राप्त करना अनिवार्य होगा। 7 दिनों में पूरी प्रक्रिया करना होगी उसके बाद नियम का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई शुरू की जाएगी। यातायात पुलिस अनुसार वर्तमान में लगभग 5 हजार ऑटो और ई-रिक्शा पंजीकृत हैं। शहर के प्रमुख मार्गों पर वाहनों का दबाव कम करने, यातायात को संतुलित बनाए रखने के साथ आमजन को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सभी ऑटो, ई-रिक्शा को यूनिक आईडी के आधार पर दो शिफ्ट में संचालित कराया जाएगा। चालकों को 7 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से यातायात थाना उपस्थित होकर अपनी यूनिक आईडी प्राप्त करना होगी। यूनिक आईडी प्राप्त करने के लिए वाहन स्वामी, चालक को वाहन के समस्त वैध दस्तावेज तथा आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा। दस्तावेजों के सत्यापन उपरांत संबंधित वाहन को यूनिक आईडी प्रदान की जाएगी। पुलिस का उद्देश्य किसी भी वाहन चालक को असुविधा पहुंचाना नहीं, बल्कि आगामी सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक वैज्ञानिक, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाना है। यातायात पुलिस द्वारा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए जारी प्लान में प्रथम पाली में यूनिक आईडी क्रमांक 1 से 2500 तक के ऑटो एवं ई-रिक्शा प्रतिदिन रात्रि 3 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित किए जा सकेंगे। द्वितीय पाली में यूनिक आईडी क्रमांक 2501 से 5000 तक के ऑटो एवं ई-रिक्शा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से रात्रि 3 बजे तक संचालित किए जा सकेंगे।

# वैदिक मंगलाचरण से संस्कृत कॉलेज में दीक्षारंभ

- आयोजन शुरू, नए विद्यार्थियों को दी
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति और छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी

**उज्जैन।** शासकीय संस्कृत महाविद्यालय में बुधवार को वैदिक मंगलाचरण और दीप प्रज्वलन के साथ नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हुई। नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत और मार्गदर्शन के लिए महाविद्यालय में तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जो 3 जुलाई तक चलेगा। प्राचार्य डॉ. सीमा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित समारोह के पहले दिन नए विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. श्रेयस कोरान्ने ने विद्यार्थियों को संस्थान की स्थापना, उपलब्धियों, शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट, बहुविषयक शिक्षा, इंटर्नशिप और रोजगारोन्मुखी अवसरों की विस्तृत जानकारी दी।




### छात्र हितग्राही योजनाओं से परिचित कराया

डॉ. हेमंत शर्मा ने विद्यार्थियों को शासन की विभिन्न छात्रवृत्ति और छात्र हितग्राही योजनाओं से परिचित कराया। उन्होंने पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, गांव की बेटी, प्रतिभा किरण और मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नवप्रवेशित विद्यार्थी और महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

**एक नजर में** — पंडे-पुजारी बोले – हम शिप्रा के सरंक्षण के लिए संकल्प करा रहे और ये लोग विवाद कर रहे

# डिस्पोजेबल में सामग्री बेचने चलती आरती में घुस जाते हैं फूल वाले

**उज्जैन। शिप्रा के घाटों पर प्रतिदिन पंडे-पुजारी द्वारा अपने-अपने स्थान पर मां शिप्रा की श्रद्धापूर्वक धार्मिक विधि विधान से आरती, पूजन किया जाता है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु व यजमान भाग लेते हैं।**

इस बीच घाट पर हार-फूल बेचने वाले लोग अनावश्यक रूप से भीड़ के बीच में आकर उन्हें डिस्पोजल व दोने में दीपदान के लिए सामग्री विक्रय करते हैं और श्रद्धालु जब सामग्री लेने से इनकार कर देते हैं तो ये लोग उनके पीछे पड़ जाते हैं और जबरदस्ती सामग्री बेचने



पर उतारू हो जाते हैं। जब पंडे-पुजारी इन्हें हटाने की कोशिश करते हैं तो यह झगड़ा करने लगते हैं। आपको बता दे 5-6 दिन पहले शिप्रा के रामघाट पर राणोजी की छतरी के सामने जो विवाद और मारपीट की घटना हुई उसकी मूल वजह यही सामने आई है कि हार-फूल वाले ही अनावश्यक चलती आरती में घुसकर श्रद्धालुओं व पंडे-पुजारियों को परेशान करते है। जबकि आप देखेंगे शिप्रा आरती करने वाले पंडे-पुजारी तो प्रतिदिन आम श्रद्धालुओं को प्रेरित करते हैं कि वह शिप्रा में कोई भी ऐसी सामग्री विसर्जित ना करें जिससे नदी का पानी प्रदूषित व गंदा हो। इस बात के लिए पंडे-पुजारी घाट पर संकल्प भी कराते दिख जाएंगे। संकल्प में भी सार्वजनिक रूप से माईक में यह बोला जाता है कि हमें आपसे दक्षिणा नहीं चाहिए। आप सिर्फ शिप्रा को गंदा ना करें इस बात का संकल्प ले और इसका पूर्ण ईमानदारी के साथ आजीवन निर्वहन करें। यहीं हमारी आरती की दक्षिणा होगी। श्री क्षेत्र पंडा समिति रामघाट के अध्यक्ष तीर्थ पुरोहित पं. राजेश त्रिवेदी ने बताया कि 25 अप्रैल से शुरू हुए इस जन अभियान में अभी तक 3 लाख से अधिक श्रद्धालु शिप्रा व अपने क्षेत्र, नगर नदी, तालाब व समस्त जलस्त्रोत को प्रदूषण मुक्त रखने का संकल्प ले चुके है।